साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भी बना सकते हैं बेहतर भविष्य

बाल विनय मंदिर में बोले नारकोटिक्स एडीजी कपूर

साइबर जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते एडीजी वरुण कपूर।

भास्कर संवाददाता | इंदौर

दुनिया में तेजी से मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। इनसे निपटने के लिए जागरूकता जरूरी है। वहीं, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नए अवसर भी खुलते जा रहे हैं। विद्यार्थी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। साइबर लॉ, अनुसंधान के क्षेत्र में प्रशिक्षण लेकर विद्यार्थी अच्छी नौकरी पाने के साथ देशसेवा भी कर सकते हैं।

यह बात नारकोटिक्स एडीजी वरुण कपूर ने कही। वे शुक्रवार को उत्कृष्ट शासकीय बाल विनय मंदिर में विद्यार्थी और फैकल्टी को साइबर क्राइम के खिलाफ 'संदेश' जागरूकता अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा नहीं करने का संकल्प भी दिलाया। एसपी (पीआरटीएस) सुदीप गोयनका ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के साथ आईटी एक्ट की जानकारी दी। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शुभांगी खातरकर और विनायक सिंह राजपूत को एडीजी ने प्रमाण-पत्र और गोल्डन बैज से सम्मानित किया।